संख्या:86/2017/1690/छप्पन-2017-32/2014

प्रेषक,

सूर्य पाल गंगवार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0 लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 22 नवम्बर, 2017

विषय: कैप्टन उत्पल बनर्जी, कैप्टन एस0के0 गिरि तथा कैप्टन जी0एस0 पड्डा, पायलट (रोटर विंग) को मेसर्स हैट्स आफ ट्रेनिंग प्रा0लि0, बैंगलौर के प्रस्तावानुसार शुल्क भुगतान के आधार पर बेल-412 के डी0 लेवल सिमुलेटर पर फ्लाइंग रिकरेन्ट ट्रेनिंग (इंस्ट्रूमेंट रेंटिंग तथा क्रिटिकल इमरजेन्सी ट्रेनिंग) कराए जाने की स्वीकृति प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-220/ना0उ0नि0उ0प्र0/ऑप्स-17/2016 दिनांक 16 अक्टूबर, 2017 में किए गए प्रस्तावानुसार कैप्टन उत्पल बनर्जी, कैप्टन एस0के0 गिरि तथा कैप्टन जी0एस0 पड्डा, पायलट (रोटर विंग) को निम्नलिखित तालिकानुसार मेसर्स हैट्स आफ ट्रेनिग प्रा0लि0, बैंगलौर में बेल-412 के डी0 लेवल सिमुलेटर पर फ्लाइंग रिकरेन्ट ट्रेनिंग (इंस्ट्रूमेंट रेंटिंग तथा क्रिटिकल इमरजेन्सी ट्रेनिंग) दिया जाना है:-

क्र0	पायलट	प्रशिक्षण अवधि	प्रशिक्षण स्थल	प्रशिक्षण शुल्क
1	कैप्टन उत्पल बनर्जी	27 नवम्बर, 2017 से 30 नवम्बर, 2017	मेसर्स हैट्स ऑफ प्रा0लि0, बैंगलौर	रू0 11,28,132/-
2	कैप्टन एस0के0 गिरि	27 नवम्बर, 2017 से 30 नवम्बर, 2017	मेसर्स हैट्स ऑफ प्रा0लि0, बैंगलौर	रू0 11,28,132/-
3	कैप्टन जी0 एस0 पड्डा	20 फरवरी, 2018 से 23 फरवरी, 2018	मेसर्स हैट्स ऑफ प्रा0लि0, बैंगलौर	रू0 11,28,132/-

उक्त तालिकानुसार पायलटगण को विभिन्न तिथियों में हैट्स ऑफ ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड में अग्रिम शुल्क भुगतान के आधार पर प्रशिक्षण दिए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति तथा प्रश्नगत प्रशिक्षण के निमित्त मेसर्स हैट्स ऑफ ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर को प्रशिक्षण शुल्क के रूप में कुल रूपये 33,84,396/- (रूपये तैंतीस लाख चौरासी हजार तीन सौ छियानबे मात्र) (रूपये 11,28,132/- प्रति पायलट) के अग्रिम आहरण की स्वीकृति भी दी जानी है। अत: राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2017-18 में कैप्टन उत्पल बनर्जी, कैप्टन एस0के0 गिरि एवं कैप्टन जी0एस0 पड्डा, को पूर्वोक्त तालिका में उल्लिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमानुसार मेसर्स हैट्स ऑफ ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर में प्रशिक्षण कराए जाने की स्वीकृति एवं प्रशिक्षण शुल्क के रूप में रूपये 33,84,396/- (रूपये तैंतीस लाख चौरासी हजार तीन सौ छियानबे मात्र) के अग्रिम आहरण की स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- उक्त स्वीकृति धनराशि का भुगतान मेसर्स हैट्स ऑफ ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर के बैंक खाते में वायर ट्रान्सफर द्वारा किया जाए। स्वीकृति धनराशि के आहरण एवं भुगतान में किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

3- उक्त अग्रिम रूपये 33,84,396/- (रूपये तैंतीस लाख चौरासी हजार तीन सौ छियानबे मात्र) का आहरण वित्त लेखा अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-ए-1-2774/दस-15(1)/69 दिनांक 25/10/1983, शा0 सं0- ए-1-235/दस-15(1)/69 दिनांक 10/06/2011 एवं शासनादेश संख्या-12/2017/ए-1-873/दस-17(1) दिनांक 18/09/2017 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन होगा।

4- उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए प्राविधानित धनराशि से अधिक न हो।

5- उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् सम्बन्धित पायलटगण के लाइसेन्स में नियमानुसार पृष्ठांकन कर दिया जाए।

6- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के अनुदान संख्या 38 के लेखा शीर्षक ""2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-114-वाहन का क्रय एवं रख-रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय-42-अन्य व्यय'' के नामे डाला जाएगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या:ई-7-720/दस-2017 दिनांक 22 नवम्बर, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे है।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

संख्या:86/2017/1690(1)@छप्पन-2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- उपमहालेखाकार/ई0एस0-।।।, ऑडिट भवन, टी0सी0-35-वी-1, विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-7।
5- मेसर्स हैट्स ऑफ ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर।
6- सम्बन्धित अधिकारी।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।